Regarding the issue of dumping yard in Malkajgiri Parliamentary constituency

श्री इटेला राजेंदर (मल्काजगिरि) : सभापति महोदय, मैं मल्काजगिरि संसदीय क्षेत्र से चुन कर यहां आया हूं, which is not Hyderabad.वहां की जनसंख्या 70 लाख है । वहां पर 40 साल पहले एक डम्पिंग यार्ड शुरू किया गया था । वहां पर एक-दो गाड़ियां आती थीं, लेकिन आज वहां 10 हजार टन वेस्ट इकट्ठा हो रहा है । इससे वहां तीस किलोमीटर की रेडियस में गंदी हवा फैलती है । वहां के कीड़े से लोगों के हेल्थ पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है । वर्ष 2017 में मद्रास ट्रिब्यूनल ने जजमेंट दिया था कि इसको शिफ्ट करना बहुत जरूरी है । हैदराबाद की जनसंख्या 1.5 करोड़ है । ऐसा डम्प यार्ड एक ही जगह पर नहीं रखना चाहिए । इसके लिए चारो तरफ अरेंजमेंट करना चाहिए, ऐसा जजमेंट दिया गया था । आज तक वह इम्प्लिमेंट नहीं हुआ है ।

हमारे पर्यावरण मंत्री जी यहां बैठे हैं । मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से मांग करता हूं कि जजमेंट पर अमल किया जाए ताकि हमारे लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहे । मैं रिक्वेस्ट करता हूं कि मंत्री जी इसका ध्यान रखें ।